हिन्दी प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी चंडीगढ़
24 अप्रैल 2024, समय 1305

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज पंचायती राज दिवस पर देशवासियों को बधाई दी है।

एक सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने ग्रामीण भारत में बदलाव के लिए जमीनी स्तर पर काम कर रहे लोगों की प्रशंसा की है जो ग्रामीणों के लिए बेहतर जीवनयापन सुनिश्चित कर रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार पंचायती रात संस्थानों को मज़बूत करना और लोगों के सपनों को पंख देना जारी रखेगी।

....

रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने बीआईएस गोला-बारूद के छठवें स्तर के उच्चतम खतरे से सुरक्षा प्रदान करने वाली सबसे हल्की बुलेट प्रूफ जैकट तैयार की है।

हाल ही में इस बुलेट प्रूफ जैकेट का चंडीगढ़ की चरम प्राक्षेपिकी अनुसंधान प्रयोगशाला (टीबीआरएल) में सफल परीक्षण किया गया। रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि यह जैकेट नए डिजाइन पर आधारित है, जिसमें नवीन सामग्री और प्रक्रियाओं का उपयोग किया गया है।

....

कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य दीपेंद्र हुड्डा ने कहा है कि लोकसभा चुनाव के लिए हरियाणा में प्रत्याशियों की घोषणा शीघ्र कर दी जायेगी।

कल रोहतक में जनसंपर्क के दौरान संवाददाताओं से बातचीत में श्री दीपेंद्र हुड्डा ने कहा कि टिकट बंटवारे को लेकर विचार विमर्श पूरा हो गया है और सोशल मीडिया पर वायरल हुई कांग्रेस के उम्मीदवारों की सूची फर्जी है। इस दौरान उन्होंने जननायक जनता पार्टी और भारतीय जनता पार्टीपर रोहतक के लिए काम न करने और भ्रष्टाचार के आरोप लगाये हैं।

उन्होंने यह भी कहा कि बीजेपी सांसद डॉ. अरविंद शर्मा लोगों को गुमराह कर रहे हैं।

....

हरियाणा विधान सभा अध्यक्ष ज्ञान चंद गुप्ता ने बिजली मंत्री रणजीत सिंह चौटाला को उनके त्याग पत्र की पुष्टि के लिए एक और मौका दिया है। उन्हें इस महीने की 30 तारीख को दोपहर 12 बजे विधान सभा अध्यक्ष के समक्ष प्रस्तुत होकर अपने त्याग पत्र की पुष्टि करने को कहा गया है।

गौरतलब है कि श्री चौटाला ने 24 मार्च को संदेशवाहक के माध्यम से विधान सभा सचिवालय को अपना त्यागपत्र भेजा था। इसकी पुष्टि के लिए विधान सभा अध्यक्ष ज्ञान चंद गुप्ता ने उन्हें कल विधान सभा में उपस्थित होने के लिए पत्र लिखा था। श्री चौटाला ने विधान सभा

अध्यक्ष को फोन कर निजी कारणों का हवाला देते हुए कल विधानसभा पहुंचने में असमर्थता व्यक्त की। श्री गुप्ता ने कहा है कि त्याग पत्र की पुष्टि के बाद ही इस पर कोई निर्णय लिया जा सकेगा।

....

हरियाणा रियल एस्टेट नियामक प्राधिकरण (हरेरा) ने एक रियल एस्टेट कंपनी पर समाचार पत्र में भ्रामक विज्ञापन प्रकाशित करने पर 50 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है।

प्राधिकरण के प्रवक्ता ने बताया कि गुरुग्राम स्थित रियल एस्टेट प्रमोटर "कंट्रीवाइड प्रमोटर्स प्राइवेट लिमिटेड" ने 2 मार्च को अपनी "ग्रीन ओक्स" परियोजना से सबंधित एक विज्ञापन एक अंग्रेजी दैनिक अख़बार में प्रकाशित करवाया था। इस विज्ञापन में भ्रामक जानकारी दिए जाने के कारण हरेरा ने प्रमोटर को कारण बताओ नोटिस भेजकर जवाब मांगा।

उन्होंने बताया कि हरेरा ने पाया कि प्रमोटर ने विज्ञापन में अनिवार्य प्रावधानों के बावजूद उचित तरीके से विवरण नहीं दिया, और परियोजना के संभावित आवंटियों को भ्रमित करने के लिए भ्रामक विज्ञापन प्रकाशित करवाया गया है।

....

लोकसभा चुनाव के लिए लागू आदर्श चुनाव संहिता के उल्लंघन को लेकर हरियाणा में सी-विजील मोबाइल ऐप के माध्यम से अब तक 2 हज़ार 423 शिकायतें प्राप्त हुई हैं जिनमें से सर्वाधिक 502 शिकायतें सिरसा से मिली हैं।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी अनुराग अग्रवाल ने इन शिकायतों का ज़िलावार विवरण देते हुए बताया कि अब तक मिली कुल शिकायतों में से 2 हज़ार 79 शिकायतों को निर्वाचन एवं सहायक निर्चाविन अधिकारियों ने सही पाया है और इन पर नियमानुसार कार्रवाई की गई है। श्री अग्रवाल ने नागरिकों की सजगता की प्रशंसा करते हुए उनसे आगे भी स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं पारदर्शी चुनाव के लिए सहयोग करने की अपील की है।

....

संयुक्त किसान मोर्चा गैर राजनीतिक के आहवान पर किसानों का शंभू रेलवे ट्रैक पर चल रहा रेल रोको आंदोलन आज भी जारी है। युवा किसान नेता नवदीप सिंह जलबेहड़ा सहित तीन किसानों कर रिहाई के लिए किये जा रहे इस आंदोलन का आज भी अंबाला रेलवे स्टेशन पर व्यापक असर देखने को मिला।

आज लगभग 36 रेलगाड़ियों का मार्ग परिवर्तन किया गया और 48 से अधिक रेलगाड़ियां रद्द की गई। अंबाला रेलमंडल के वरिष्ठ प्रबंधक नवीन कुमार ने बताया कि 17 अप्रैल से कल तक कुल एक हज़ार 28 रेलगाड़ियों प्रभावित हुई। 186 से अधिक मेल एक्सप्रेस और 231 से अधिक पैसेंजर रेलगाड़ियों रद्द करनी पड़ी। रेलवे शंभू बॉर्डर पर धरने को लेकर पंजाब सरकार के अधिकारियों के साथ संपर्क में है।

....

जींद के सफीदो निवासी प्रसिद्ध लोक कलाकार महावीर गुड्डू को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा पदम् श्री पुरस्कार प्रदान किये जाने पर सफीदो वासियों ने प्रसन्नता व्यक्त की है।

पुरस्कार लेकर अपने निवास पर पहुंचे महावीर गुड्डू को लोगों ने बधाई दी। श्री गुड्डू ने बताया कि यह कला के क्षेत्र में 53 वर्ष की यात्रा का फल है। मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा कि, मैं यह पुरस्कार समस्त हरियाणावासियों को समर्पित करता हूं।

....